सम्मानूनीय महोदय/महोदया,

सादर जय जिनेन्द्र !

नूतन वर्ष 2014 की आर्दिक शुभकामनायें! वास्तव में विगत समय व वर्ष हमसे हमारा आंकलन चाहता है, हमने अपने आंकलन में विगत वर्ष भाग्योदय तीर्थ में प्रगति को पत्रों के माध्यम से आप तक पहुँचाया है। आपने अपने मूल्यवान समय में भाग्योदय तीर्थ की प्रगति को निरंतर सराहा है, एव SMS / Email/Letter आदि के माध्यम से अपने सुझाव हम तक पहुँचाये हैं, इस हेतु हमारा साधुवाद स्वीकार करें। वर्ष 2013 एवं पूर्व के वर्षों में हमें आपने जो आशीर्वाद, स्नेह एवं सहयोग दिया है, उसके लिये हम आपका आभार ज्ञापित करते हैं एवं नूतन वर्ष में ऐसी ही आकांक्षा लिये यह पत्र आपके कर कमलों में सौंप रहे हैं।

<u>नर्सिंग कॉलेज</u> – नर्सिंग शिक्षा का लक्ष्य सेवा भावना है। अपने लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए दिनांक 10 अक्टूबर 2013 को करीला सागर स्थित आनंदाश्रम में नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने वृद्धों की सेवा की तथा उनके मनोरंजन हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये एवं उन्हें दोनों टाइम भोजन कराया गया तथा इसी दिवस डॉ. मंदार जैन द्वारा वृद्धों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

सेवा भावना के साथ साथ यहाँ के विद्यार्थी अपनी शिक्षा पर पूर्ण ध्यान देते हैं, B.Sc. Nursing डिग्री पाठ्यक्रम में इस कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत रहा है। यहाँ की छात्रा **कु. रूबी सिंह पटेल ने 80.89% अंक अर्जित कर डॉ. सर हरिसिंह गौर केन्द्रीय वि.वि. सागर में टॉप पोजीशन प्राप्त की है** तथा गोल्ड मेडिल की हकदार हो गयी हैं। कु. रूबी सिंह को गोल्ड मेडल वि.वि. प्रशासन द्वारा प्रदान दिया जावेगा।

<u>फॉर्मेसी कॉलेज</u> – दिनांक 09 एवं 10 अक्टूबर 2013 को वानस्पतिक औषधियाँ – संभावनायें एवं चुनौतियों विषय पर ICMR Delhi तथा म.प्र. कौंसिल ऑफ साइंस एण्ड टेक्नॉलोजी द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में देश के 400 से अधिक अध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया एवं अपने शोध–पत्र प्रस्तुत किये। डॉ. हरिसिंह गौर वि.वि. सागर के प्रो.एस.पी. व्यास, प्रो. आर.के. अग्रवाल, प्रो. अभय सिंघई, डॉ. एस.सी. जैन ने अतिथि के रूप में संगोष्ठी में भाग लिया। प्रो.एस.एन उमाटे (नागपुर), डॉ. उमेश पाटिल (सागर), डॉ. संजय जैन (सागर), प्रो.व्ही.के दीक्षित (सागर), प्रे. शैलेन्द्र सराफ (रायपुर) एवं श्रीमति स्वर्णलता सराफ मुख्य वक्ता के रूप में संगोष्ठी में उपस्थित रहे। डॉ. दरबारीलाल जैन, श्री सुगम कोठारी एवं श्री मुन्नालाल जैन ने भाग्योदय तीर्थ का प्रतिनिधित्व किया।

खेल गतिविधियों के अन्तर्गत कॉलेज परिसर में नोडल स्तरीय टेबिल टेनिस स्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसमें एस.व्ही.एन., ज्ञानसागर, बीटी.आई.आर.टी. कॉलेजों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

<u>चिकित्सालय</u> – प.पू. 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के जन्म दिवस पर दिनांक 18.10.2013 को नवनिर्मित सुपर आईसीसीयू का लोकार्पण डॉ. यशपाल जैन, डॉ.रीता राकेश जैन एवं डॉ. प्रवीण जैन के आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर एड.पी.सी. नायक जी ने भाग्योदय तीर्थ की उत्तरोत्तर उन्नति पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसी श्रृंखला में डॉ. राजेश जैन, डॉ. नितिन जैन, श्री महेश बिलहरा, डॉ. ऋषभ जैन, डॉ. दिलीप जैन एवं डॉ. मंदार जैन ने भी अपने उद्‌बोधन प्रस्तुत किये। इस अवसर पर तीन दिवसीय निःशुल्क ओपीडी भी संचालित रही। जिसमें ---- मरीज लाभान्वित हुये तथा रू. ---- की चेरिटी की गयी।

<u>शिविर</u> – **दिनांक 20.10.2013** को जैन मंदिर बाहुबली कॉलोनी सागर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. मंदार जैन एवं डॉ. सोनिका जैन ने अपनी सेवायें प्रदान की। इस शिविर से 300 से भी अधिक मरीज लाभान्वित हुये।

**दिनांक 17.11.2013** को मदर टेरेसा चेरिटी मिशन मढिया विट्‌ठलनगर में मानसिक बिमारी से ग्रसित मरीजों की सेवार्थ शिविर आयोजित किया गया जिसमें डॉ. वृन्दावन कुर्मी. डॉ. राहुल दुबे, सिस्टर अलीअम्मा एवं कु.नूपुर जैन ने अपनी सेवायें प्रदान कीं। तथा मरीजों को भोजन भी कराया गया।

**दिनांक 30.11.2013** को विद्यासागर कॉन्वेंट स्कूल मालथौन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 400 से भी अधिक मरीज लाभान्वित हुए। इस शिविर में डॉ. नितिन जैन, डॉ. रजनीश मिश्रा, डॉ. अखिलेश जैन, डॉ. विकास तिवारी, डॉ. शालिनी जैन, डॉ. बी.पी. त्रिवेदी, डॉ. शिल्पी जैन, डॉ. नीलम गौड एवं श्री हर्ष श्रीवास्तव सहित पैरामेडीकल स्टाफ ने अपनी सेवायें दीं। इसी दिवस ए.बी.एस. शिक्षा एवं समाजोत्थान समिति, वीर शिक्षा प्रसार समिति तथा सकल दिगम्बर जैन समाज मालथौन के संयुक्त तत्वाधान में 10 व्यक्तियों ने अपना रक्तदान दिया।

शिविर श्रृंखला में ही **22.12.2013 को बंडा** (सागर) में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 400 मरीज लाभान्वित हुये। इस शिविर में डॉ. नितिन जैन, डॉ. मंदार जैन, डॉ. प्रशांत जैन, डॉ. रूबी जैन, डॉ. संतोष राय, डॉ. रूपाली जैन, डॉ. बी.पी. त्रिवेदी, डॉ. सोनिका जैन, डॉ. नीलम गौड आदि चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपनी सेवायें प्रदान की।

**दिनांक 14.12.2013** को सिविल लाइन सागर स्थित कोमलचंद पेट्रोल पंप पर स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. नितिन जैन एवं डॉ. शालिनी जैन ने अपनी सेवायें प्रदान की। इस शिविर में 100 से भी अधिक मरीज लाभान्वित हुये तथा 6 व्यक्तियों ने अपना रक्तदान दिया।

<u>**भाग्योत्सव 2013 एक भव्य आयोजन**</u> – भाग्योदय तीर्थ धर्मार्थ ट्रस्ट बनने के फलस्वरूप इस ट्रस्ट को शासकीय वैधानिक मान्यता 10 दिसम्बर 1993 को प्राप्त हुयी थी। 10 दिसम्बर 2013 को 20 वर्ष पूर्ण होने पर सात दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन **"भाग्योदत्सव 2013"** के नाम से मशहूर हुआ। इस कार्यक्रम का आगाज दिनांक 8 दिसम्बर 2013 को सांस्कृतिक संध्या के साथ हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ. हरसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर लोक कला विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. विष्णु पाठक, विचार संस्था प्रतिनिधि श्री सफीक भाईजान, ज्ञानसागर कॉलेज के डायरेक्टर श्री महेश बिलहरा, सागर विश्वविद्यालय फार्मेसी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. विनोद दीक्षित एवं भाग्योदय तीर्थ नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य राजकृष्णन पिल्लई ने सामूहिक रूप से आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया साथ ही गुरू वंदना अमन साहू ने अपने साथियों के साथ प्रस्तुत की। पश्चात लोक कला अकादमी सागर के कलाकारों ने श्री गणेश नर्तन का प्रस्तुतिकरण डॉ. अंजना चतुर्वेदी के संचालन में किया।

संयुक्त निदेशक एड.पीसी नायक ने अपने स्वागत भाषण में स्व.डॉ. अमरनाथ जैन को याद करते हुए भूतपूर्व ट्रस्टीयों को याद किया तथा संस्था का 20 वर्षीय प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया। सांस्कृति कार्यकम श्रृंखला में दर्पण आर्ट एंड ड्रामा एकेडमी के कलाकारों ने "खामोश, अदालत जारी है" (नाटक), "एक शहीद की आत्मकथा" (माइम), "द शूज", भाग्योदय फार्मेसी एवं नर्सिंग महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने "ओरी चिरैया" छायांकन एवं "कैसा मजहब है" नाटक का प्रस्तुतिकरण किया। इसी श्रृंखला में लोक कला अकादमी के कलाकारों ने डॉ. विष्णु पाठक जी के निर्देशन में सामूहिक लोक नृत्य प्रस्तुत कर गगनभेदी करतल ध्वनि से दर्शकों की सराहना अर्जित की।

इस अवसर पर भाग्योदय तीर्थ के सहयोगी साथियों, पूर्व डॉक्टर्स, पूर्व कर्मचारी, एवं वर्तमान कर्मचारी का सम्मान भी किया गया। डॉ. विष्णु पाठक ने अपने आतिथ्य उद्‌बोधन में भाग्योदय तीर्थ के आयोजन की सराहना करते हुए सभी कलाकारों को शुभकामनाएं दी। कार्यकम का संचालन पीसी नायक ने किया। इस अवसर पर रवीन्द्र सुनेली, आलोक चौधरी, शिवकुमार ताम्रकार, वीरेन्द्र वकील सा., डॉ. आनंद सिंघई, राजेश मलैया, डॉ. शैफाली मलैया, डॉ. मनीष केशरवानी, डॉ. विजय गडतिया, इंजी.पीसी जैन, ए.के. जैन, डॉ. ऋषभ जैन, डॉ.सुनील जैन, श्री सुगम कोठारी, श्री प्रकाशचंद जैन, श्री मुन्नालाल जैन एवं चिकित्सालय के डॉक्टर्स, पैरामेडीकल स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

**द्वितीय दिवस दिनांक 09 दिसम्बर** शाम 6:30 बजे सेमीनार आयोजित किया गया जिसमें इन्दौर के चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ.दीपक जैन, न्यूरोफिजिषियन, डॉ. सुनील शर्मा, ह्रदयरोग विषेषज्ञ, डॉ.संजय कुचेरिया, प्लास्टिक सर्जन, ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये।

चिकित्सा सेवा अन्तर्गत दिनांक 8 से 15 दिसम्बर 2013 तक निःशुल्क ओपीडी संचालित की गयी जिसमें मेडीसिन विभाग अन्तर्गत डॉ. नितिन जैन, डॉ. मंदार जैन शिशु विभाग अन्तर्गत डॉ. विजय मुणोत, डॉ. राजेश जैन, डॉ. विकास तिवारी, डॉ. रत्ना जैन, शल्य चिकित्सा विभाग अन्तर्गत डॉ. दिलीप जैन, डॉ. रजनीश मिश्रा, डॉ. संतोष राय, डॉ. अखिलेश जैन, दंतरोग विभाग अन्तर्गत डॉ. सुनील जैन, डॉ. सोनिका जैन, स्त्री एवं प्रसूति विभाग अन्तर्गत डॉ. मोनिका जैन डॉ. रूपाली जैन, पैथोलॉजी विभाग अन्तर्गत डॉ. ऋषभ जैन, डॉ. शालिनी जैन, आयुर्वेद विभाग में डॉ. बी.पी. त्रिवेदी तथा फिजियोथैरेपी में डॉ.नीलम गौड ने सेवायें प्रदान कीं। इसी वृहद्ध श्रृंखला में भोपाल, जबलपुर एवं इन्दौर से पधारे सुपर स्पेशलिस्ट डॉ. दीपक जैन (न्यूरो) डॉ. सुनील शर्मा (कार्डियो), डॉ. संजय कुचेरिया (प्लास्टिक सर्जन), डॉ. वर्षा जैन (स्त्रीरोग विशेषज्ञ) ने भी अपनी सेवायें प्रदान कीं साथ ही चिकित्सा जांचों पर 25 प्रतिशत की अतिरिक्त रियायत मरीजों को दी गयी। इस पूरे सप्ताह में आपके ट्रस्ट द्वारा विभिन्न चिकित्सकीय सेवाओं पर रू. ---- की चेरिटि की गयी।

**"भागोत्सव 2013" के अंतिम दिवस दिनांक 15 दिसम्बर** को पोस्टर एवं तात्कालिक भाषण प्रतियोगितायें आयोजित की गयी जिसमें सागर के करीब 20 हायर सेकेण्डरी विद्यालय के 300 विद्यार्थियो ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन प्रतियोगिताओं में डॉ.एससी जैन, डॉ. एचसी जैन, श्री प्रदीप चंचल, एड. शिवकुमार ताम्रकार तथा शफीक भाईजान ने जज के रूप में आतिथ्य स्वीकार कर अपनी भूमिका निभाई। विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं तथा अभिभावकगण भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

माह अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर 2013 में आपके संस्थान द्वारा ------------- की चेरिटी मरीजों के लिए की गयी।

संस्था की प्रगति के लिए आपके सुझाव सादर आमंत्रित है। कृपया पत्र के प्रतिउत्तर में SMS/पत्र भेजने का कष्ट करें।

भाग्योदय तीर्थ परिवार की ओर से . . .

संतोष खरे
जनसंपर्क अधिकारी